# कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)


**ई-निविदा सूचना वर्ष 2024-25**

**(उत्तर पुस्तिका मुद्रण एवं अंकतालिका मुद्रण, उपाधि मुद्रण कार्य)**

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकाओं के मुद्रण कार्य हेतु दिनांक 22.02.2024 से 13.03.2024 के पूर्वान्ह् 11:00 बजे तक तथा अंकतालिका एवं उपाधि मुद्रण हेतु दिनांक 23.02.2024 से 20.03.2024 तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी उत्तराखण्ड राज्य की वैबसाईट www.uktenders.gov.in तथा विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव

**पृ0 सं0 - सा0/स्टोर/उ0पु0मु0/अं0मु0/उ0/पीईआर/ 1197** **दिनांक - 22.02.2024**

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र में (04 सेमी0 X 06 सेमी0) के कॉलम में प्रकाशित करवाकर बिल 10 प्रतिशत छूट सहित 02 प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें -

- दि पाईनियर, नैनीताल को दिल्ली संस्करण में (Delhi Excluding Chandigarh) में दिनांक 23 फरवरी, 2024 के अंक में प्रकाशनार्थ।
- अमर उजाला, नैनीताल को उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक 23 फरवरी, 2024 के अंक में प्रकाशनार्थ।

**प्रतिलिपि - निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -**

- वित्त नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- परीक्षा नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- श्रीमती उमंग सैनी, नोडल अधिकारी, ई-निविदा, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को उपरोक्त निविदा को उत्तराखण्ड राज्य की वैबसाईट www.uktenders.gov.in में अपलोड किये जाने के आशय से प्रेषित।
- प्रभारी, ई0 आर0 पी0, को उपरोक्त निविदा को विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in में अपलोड किये जाने के आशय से प्रेषित।
- निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL

---

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की वर्ष 2024–25 की परीक्षाओं हेतु उत्तर–पुस्तिकाओं के मुद्रण कार्य हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 के अनुसार दो निविदा प्रणाली के तहत दिनांक 21.02.2024 से दिनांक 06.03.2024 तक उत्तराखण्ड राज्य के Public Procurement Portal www.uktenders.gov.in में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 13.03.2024 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित निविदादाओं के सम्मुख विश्वविद्यालय की गठित क्रय समिति द्वारा खोला जायेगा। किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर उक्त निविदा उसके अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी ई–निविदा सूचना निम्न प्रकार है–

| क.स. | ई–निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1– | ई–निविदा प्रपत्र की निविदा वैबसाइड पर उपलब्धता की तिथि | दिनांक 22.02.2024 | 1.00 बजे अपरान्ह् |
| 2– | ई–निविदा तकनीकी / वित्तीय बिड अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | दिनांक 26.02.2024 | 5.00 बजे अपरान्ह् |
| 3– | ई–निविदा तकनीकी बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13.03.2024 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् |
| 4– | ई–निविदा वित्तीय बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 13.03.2024 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् |
| 5– | निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि | दिनांक 13.03.2024 | 11.30 बजे पूर्वान्ह् |
| 6– | ई–निविदा की वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि | तकनीकी निविदा के पूर्ण होने के उपरान्त | |
| 7– | प्री– बिड मिटिंग की तिथि | दिनांक 26.02.2024 | पूर्वान्ह् 11.00 बजे से 2.00 बजे अपरान्ह् तक |

उक्त निविदाऐं दिनांक 13.03.2024 के समय 11.00 बजे पूर्वान्ह् तक पोर्टल में अपलोड की जा सकती है। इस प्रणाली के अन्तर्गत निविदादाता द्वारा निविदायें सम्बन्धित पोर्टल में दो भागों में अपलोड की जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा तत्पश्चात वित्तीय निविदा सम्बन्धित पोर्टल में अपलोड करनी होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय दोनों निविदायें दिनांक 13.03.2024 के पूर्वान्ह् 11.00 बजे तक उक्त पोर्टल में अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। निविदादाता को तकनीकी निविदा ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों माध्यमों से पृष्ठ संख्या–02 से 04 में अंकित तकनीकी निविदा की शर्तों के अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। वित्तीय निविदा केवल ऑनलाईन माध्यम से उक्त पोर्टल में स्वीकार की जायेगी। निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 5000 (रूपये पांच हजार) +14 प्रतिशत GST निर्धारित है। निर्धारित प्रपत्र का शुल्क वित्त नियंत्रक कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो नैनीताल स्थित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम से देय हो, के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा या विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में जमा करना होगा। शुल्क जमा करने के उपरान्त निविदा को विश्वविद्यालय की वैबसाइड www.kunainital.ac.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। शुल्क जमा के साक्ष्य के रूप में बैंक ड्राफ्ट या विश्वविद्यालय के कैश काउण्टर की

जमा रसीद की प्रति तकनीकी निविदा के साथ पोर्टल में अपलोड करनी होगी तथा मूल प्रति तकनीकी निविदा के लिफाफे में निविदा के साथ संलग्न कर इस कार्यालय में जमा करनी होगी जिन निविदाताओं द्वारा तकनीकी निविदा के साथ शुल्क की मूल प्रति उपलब्ध नहीं करायी जायेगी उनकी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

## तकनीकी निविदा की शर्तें–

तकनीकी निविदा के साथ निम्न विवरणानुसार अभिलेख उक्त पोर्टल में अपलोड करना होगा एवं इन अभिलेखों के साथ ही तकनीकी निविदा का मुहरबन्द लिफाफा दिनांक 13.03.2024 के 11.00 बजे पूर्वान्ह् तक कुलसचिव, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कार्यालय में जमा करना होगा। डाक से तकनीकी निविदा के अभिलेख प्रेषित करने वाले निविदादाता निविदा इस प्रकार प्रेषित करे कि वह दिनांक 13.03.2024 के 11.00 बजे पूर्वान्ह् तक कुलसचिव कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कार्यालय में प्राप्त हो जाये। निर्धारित तिथि एवं समय तक ऑफलाईन माध्यम से तकनीकी निविदा इस विश्वविद्यालय में प्राप्त न होने की दशा में उसकी ऑनलाईन तकनीकी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

1– तकनीकी निविदा के लिफाफे के बाहर **"उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति हेतु निविदा"** स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये तथा निविदादाता अपना **फोन/मोबाईल नम्बर** अंकित करें।

2– तकनीकी निविदा फार्म वांछित सूचनाओं को भरकर निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करना आवश्यक होगा तथा मूल निविदा फार्म तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

3– उत्तर पुस्तिका के मुद्रण में किसी भी मिल का वाटर मार्क मैफलिथो पेपर 70 GSM का कागज (45.5x56 सेमी0) प्रयुक्त करना होगा जिसका नमूना 02 प्रतियों में तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा तथा कागज का नमूना निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड नहीं किया जाना है।

4– उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0 3396/VII-II 9080/143 उद्योग/2003, दिनांक 30 जून, 2009 के निर्देशों के अनुसार प्रदेश की सूक्ष्म एवं लघु (कुटीर एवं खादी सहित) विनिर्माणक उद्यमों (Manufacturing Enterprises) को शासकीय क्रय में नियमानुसार मूल्य/क्रय वरीयता प्रदान की जायेगी। फर्म का उद्योग विभाग में पंजीकृत होने के प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रमाण पत्र निविदा खुलते समय समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदा पर इस शासनादेश का लाभ देय नहीं होगा।

5– उत्तर पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर ओ0एम0आर0 सीट मुद्रित की जानी है। ओ0एम0आर0 सीट के मुद्रण में किसी भी मिल का 120 GSM का कागज प्रयुक्त करना होगा। कागज का नमूना 02 प्रतियों में तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा तथा कागज का नमूना निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड नहीं किया जाना है।

6– सम्बन्धित फर्म द्वारा उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ में प्रयुक्त होने वाले ओ0एम0आर0 सीट के मुद्रण की भी कार्यक्षमता उपलब्ध होनी चाहिए। ओ0एम0आर0 सीट के मुद्रण हेतु फर्म के पास अपने स्वामित्व की आधारभूत सुविधाऍं एवं मशीनरी होनी चाहिए। निविदादाता को रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में इस आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि उसके पास ओ0एम0आर0 सीट के मुद्रण

हेतु अपने स्वामित्व की आधारभूत सुविधाएँ एवं मशीनरी उपलब्ध है। शपथ पत्र निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करना होगा तथा मूल शपथ पत्र तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

7— कार्य की धरोहर की धनराशि रू0 2,25,705=00 (रूपये दो लाख पच्चीस हजार सात सौ पॉच) निर्धारित है। निविदादाता से निर्धारित धरोहर धनराशि डिमांड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंकर्स चैक, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त अधिकारी, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा नैनीताल में देय होनी चाहिए। धरोहर राशि जिस रूप में हो, निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड की जायेगी तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। धरोहर राशि निविदा की तिथि के पश्चात् कम से कम 03 (तीन) माह के लिये वैध होनी चाहिए। सफल निविदादाताओं की धरोहर राशि विश्वविद्यालय में जमा रहेगी, एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा को वापस लेने अथवा सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक आवश्यक अनुबन्ध निष्पादित न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

8— निविदादाता को कम से कम 03 (तीन) वर्षों का किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय की उत्तर—पुस्तिका के मुद्रण का अनुभव होना चाहिए। उत्तर—पुस्तिका के मुद्रण अनुभव के लिये सम्बन्धित संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा जारी अनुभव प्रमाण—पत्र एवं सम्बन्धित संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा वर्षवार निर्गत कार्यादेश की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है। प्रमाण—पत्र में मुद्रण वर्ष एवं मात्रा का उल्लेख होना आवश्यक होगा।

9— निविदादाता का मुद्रण कार्य/मुद्रण उद्योग में विगत 03 वित्तीय वर्षों (2020—21, 2021—22, 2022—23) में प्रत्येक वर्ष का टर्न ओवर न्यूनतम 2.00 करोड़ प्रतिवर्ष होना चाहिए। टर्न ओवर के विवरण की किसी रजिस्टर्ड चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रति की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

10— निविदादाता के मुद्रणालय में कार्यरत् मशीनों में से प्रत्येक मशीन की क्षमता का सक्षम संस्था/विभाग द्वारा निर्गत प्रमाण—पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी। जिससे निविदादाता की मुद्रण क्षमता का आंकलन किया जा सके।

11— निविदादाता के विगत 03 वित्तीय वर्ष (2020—21, 2021—22, 2022—23) के आयकर रिटर्न की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

12— स्थायी आयकर खाता संख्या (PAN) कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

13— GST के पंजीकरण संख्या की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

14— निविदादाता को निम्नलिखित तथ्यों का रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र देना होगा —

क— निविदा में दर्शायी गई समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक है, छिपाई नहीं गयी है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

ख— किसी भी सरकारी विभाग/राज्य सरकार में किसी भी प्रकार का विधिक विवाद गतिमान नहीं है और न ही प्रस्तावित है।

ग– फर्म को विगत 05 वर्षो में किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त की गयी है।

उक्त शपथ पत्र निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करना आवश्यक होगा तथा मूल शपथ पत्र तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

15– निविदादाता को कारखाना अधिनियम या उद्यम आधार में पंजीकृत होना चाहिए पंजीकरण के साक्ष्य के अभिलेख की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

16– निविदादाता के पास विगत 03 वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22, 2022–23) में रू0 50/–लाख का किसी भी सरकारी संस्था /विश्वविद्यालय में उत्तर–पुस्तिका मुद्रण में एकल आदेश होना चाहिए। ऐसे आदेश की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

17– निविदादाता द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

18– निविदादाता द्वारा सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

19– निविदादाता को स्वयं की इकाई में मुद्रित पुस्तिकाओं की 02 प्रतियॉ तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय में जमा करनी आवश्यक होगी जिसको निर्धारित पोर्टल में अपलोड नहीं किया जाना है।

20– निविदादाता को स्वयं की इकाई में मुद्रित ओ0एम0आर0 सीट की 02 प्रतियॉ तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय में जमा करनी आवश्यक होगी जिसको निर्धारित पोर्टल में अपलोड नहीं किया जाना है।

21– निविदा प्रपत्र की शुल्क जमा रसीद/बैंक ड्राफ्ट की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर इस विश्वविद्यालय में जमा करनी आवश्यक होगी।

22– निविदादाता को समस्त मशीनों का विवरण साईज, प्रकार, माडल, क्रय तिथि के विवरण की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

23– निविदादाता/मुद्रणालय के स्वामी के आधार की प्रति निर्धारित पोर्टल में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

## वित्तीय निविदा की शर्ते

1– जिन निविदादाताओं की तकनीकी निविदा अर्ह होगी केवल उन्हीं की वित्तीय निविदा द्वितीय चरण में खोली जायेगी।

2– वित्तीय निविदा केवल उक्त पोर्टल में ही अपलोड की जायेगी। उक्त पोर्टल के अतिरिक्त अन्य माध्यम से दी गयी दरें स्वीकार नहीं होगी। उत्तर पुस्तिकाओं की दर प्रति हजार (यानि एक हजार उत्तर पुस्तिका की दर) में देनी होगी।

3– उत्तर पुस्तिका के मुद्रण के पश्चात् उसकी आपूर्ति सम्बन्धित फर्म/मुद्रणालय/व्यक्ति द्वारा विश्वविद्यालय के नैनीताल स्थित कार्यालय में करनी होगी। अतएव निविदा दर में उत्तर पुस्तिकों के परिवहन एवं हैण्डलिंग की दर एवं जी0एस0टी0 की राशि भी सम्मिलित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा परिवहन एवं हैण्डलिंग में व्यय धनराशि का पृथक से भुगतान नहीं किया जायेगा। निविदा दर रूपयों में अंकित की जाए जो शब्दों एवं अंकों में देना अनिवार्य होगा।

4— सम्पूर्ण निविदा कुल योग L-1 के आधार पर की जायेगी।

**<u>निविदा की अन्य शर्तें</u>**

1— निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिका का मुद्रण/आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से अर्ह

निविदादाताओं को उनकी क्षमता के अनुरूप ही उत्तर पुस्तिकाऐं आवंटित की जायेंगी। क्षमता का आंकलन तकनीकी बीड एवं आवश्यक समझे जाने पर उत्तर–पुस्तिका समिति के द्वारा मुद्रण इकाई के भौतिक सत्यापन के आधार पर किया जायेगा। निविदादाताओं की क्षमता का आंकलन करने एवं संतुष्ट होने के बाद ही **<u>विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर कुल योग (L-1) के आधार पर उत्तर–पुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु कार्यादेश किया जायेगा।</u>** इस प्रकार विश्वविद्यालय का निर्णय सभी निविदादाताओं को मान्य होगा।

2— न्यूनतम दर एक से अधिक फर्मों की प्राप्त होने पर कार्य का आवंटन का निर्णय विश्वविद्यालय द्वारा लिया जायेगा, जो समस्त निविदादाताओं को मान्य होगा।

3— किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

4— सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे कुलपति जी के निर्णयार्थ (Arbitration) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

5— निविदा के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्राधिकार नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

6— सफल निविदादाता द्वारा विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के साथ रू0 100/–(रू0 एक सौ मात्र) के नॉन–ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर में कार्य अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध के समय सफल निविदादाता को अनुबन्ध राशि का 10 प्रतिशत धनराशि कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में इस विश्वविद्यालय को जमा करना होगा। सफल निविदादाता से निर्धारित कार्यपूर्ति प्रतिभूति डिमांड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त अधिकारी, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा नैनीताल में देय होनी चाहिए। कार्यपूर्ति प्रतिभूति दिनांक 31.03.2025 के पश्चात् कम से कम 60 (साठ) दिन बाद तक वैध होनी आवश्यक है।

7— सफल निविदादाता द्वारा यदि अनुबन्ध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी कार्यपूर्ति धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

8— सफल निविदाता द्वारा दर स्वीकृत होने के उपरान्त विद्यालय द्वारा निर्धारित दिवसों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के साथ अनुबन्ध करना होगा। यदि सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध करने से इन्कार किया जाता है तो उसकी धरोहर की धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में निविदादाता का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9— कागज की गुणवत्ता के बारे में विश्वविद्यालय को यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विश्वविद्यालय द्वारा मुद्रण के दौरान/बाद में मुद्रित एवं बिना मुद्रित कागज के नमूने एकत्रित कर किसी रासायनिक प्रयोगशाला में जाँच करायी जा सकती है।

10– सशर्त रूप से दी गयी निविदा स्वीकार नहीं होगी।

11– कार्य के अनुबन्ध की अवधि दिनांक 01.04.2024 से दिनांक 31.03.2025 तक की होगी, यदि इसे विश्वविद्यालय से किन्हीं कारणों से बढ़ा न दी गयी हो।

12– आयकर सफल निविदादाता से शासनादेशानुसार वसूल किया जायेगा जो निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य के बिल से काटकर राजकीय पक्ष में जमा किया जायेगा।

13– कागज, स्याही, मुद्रण सामग्री/मुद्रण मशीनों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के ढुलान हेतु परिवहन साधनों का प्रबन्ध सफल निविदादाता को स्वयं करना होगा। किसी समय कागज, स्याही, मुद्रण सामग्री एवं परिवहन दरों में वृद्धि होने पर विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

14– अवयस्क व्यक्ति द्वारा दी गई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

15– **दण्डात्मक प्रावधान** – विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका की गुणवत्ता में कमी अथवा मुद्रण/आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में फर्म के विरूद्ध निम्नवत् दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी–

(क) **विलम्ब दण्ड** –

उत्तरपुस्तिका आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी –

- 01 से 10 दिन विलम्ब से आपूर्ति उत्तर पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 2 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 11 से 20 दिन विलम्ब से आपूर्ति उत्तर पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 5 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 21 से 30 दिन विलम्ब से आपूर्ति उत्तर पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 10 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 30 दिन से अधिक विलम्ब की स्थिति में कुल मुद्रण मूल्य के 10 प्रतिशत के अतिरिक्त मुद्रक की कार्यपूर्ति जमानत धनराशि जब्त कर उसे काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

(ख) **खराब मुद्रण, कम माप, कम गुणवत्ता** –

- उत्तर–पुस्तिका के सत्यापन में मानक के अनुरूप मुद्रण न पाये जाने अथवा खराब मुद्रण की दशा में सम्बन्धित उत्तर–पुस्तिका के कुल मूल्य से अधिकतम 15 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी।
- उत्तर–पुस्तिका निर्धारित माप के अनुरूप सही नहीं पाये जाने पर उत्तर–पुस्तिका के कुल बिल मूल्य में से 10 प्रतिशत के बराबर कटौती की जायेगी।
- उत्तर पुस्तिका की जाँच में गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो उत्तर–पुस्तिका के कुल बिल में से 20 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी।

16– उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण निम्नानुसार किया जायेगा :–

(i) 'अ' उत्तर पुस्तिका 9,00,000, 'ब' उत्तर पुस्तिका 5,00,000 एवं प्रत्योगात्मक उत्तर पुस्तिका 3,50,000 मुद्रित होनी अनुमानित है। 'अ' उत्तर पुस्तिका 24 पृष्ठों, 'ब' उत्तर पुस्तिका 8 पृष्ठ एवं प्रयोगात्मक उत्तर पुस्तिका 8 पृष्ठ की मुद्रित होगी। उत्तर–पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ में 20 लाईनें मुद्रित होंगी। अ उत्तर–पुस्तिकाओं में 01 से 24 पेज नम्बरिंग तथा ब उत्तर–पुस्तिका मे 01 से 08 पेज, प्रयोगात्मक उत्तर–पुस्तिका में 01 से 08 पेज में नम्बरिंग की जानी होगी विश्वविद्यालय की उत्तर–पुस्तिकाओं की

लम्बाई 27.5से0मी0 तथा चौडाई 22.2 से0मी0 साइज की बनाई जानी होगी। 'अ' उत्तर पुस्तिका, 'ब' उत्तर पुस्तिका एवं प्रयोत्मक उत्तर पुस्तिका के मुद्रण में विश्वविद्यालय का लोगो/नाम का वाटर मार्क मैफलिथो पेपर 70 GSM का कागज (45.5x56 सेमी0) प्रयुक्त करना होगा।

(ii) 'अ' उत्तर पुस्तिकाओं का मुख पृष्ठ ओ0एम0आर0 सीट का होगा तथा ओ0एम0आर0 सीट Triple Fold में 120 जी0एस0एम0 कागज में तैयार की जायेगी। ओ0एम0आर0 सीट की लम्बाई 27.5 से0मी0 तथा चौड़ाई 22.2 सेमी0 होगी, जिसमें बार कोड अंकित करना आवश्यक होगा। ओ0एम0आर0 सीट विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही तैयार किया जायेगा। ओ0एम0आर0 सीट का प्रारूप सफल निविदादाता को उपलब्ध कराया जायेगा।

(iii) कवर पेज विश्वविद्यालय के आदेशानुसार मुद्रित होगा।

(iv) उत्तर पुस्तिकाओं में 'कुमायूॅ विश्वविद्यालय' परफोरेड करना होगा।

(v) प्रत्येक पृष्ठ पर दायें तथा बायें किनारे पर विश्वविद्यालय का मोनोग्राम मुद्रित करना होगा तथा उत्तर पुस्तिका में सूती धागे से केन्द्र में मशीन से सिलाई की जानी होगी।

(VI) गोपनीय पृष्ठ के मुद्रण के सम्बन्ध में सफल निविदादाता को पृथक से निर्देश निर्गत किये जाएँगे। गोपनीय पृष्ठ का मुद्रण विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार पृथक से किया जाना अनिवार्य होगा।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव,
कुमायूॅ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

**कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल**

**संख्या** 1197/सामान्य/स्टोर/सा0/पीईआर ~~21~~ दिनांक 22 फरवरी , 2024

प्रतिलिपि :– निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 :– वित्त नियन्त्रक, कुमायूॅ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

2 :– निविदा समिति के समस्त सदस्य।

3 :– नोडल अधिकारी, ई–निविदा, कुमायूॅ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय से कि उक्तानुसार निविदा निर्धारित पोर्टल में अपलोड करने का कष्ट करे।

4 :– निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।

5 :– नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव,
कुमायूॅ विश्वविद्यालय, नैनीताल।